English	Hindi
WorkSafe Cleaning Checklist	**सफाई की WorkSafe जाँचसूची**
1. Routine Cleaning	1. नियमित रूप से सफाई
What do I need?	**मुझे किन चीजों की आवश्यकता होगी?**
▪ Detergent, either as a solution that can be mixed with water, or as wipes; or ▪ A 2-in-1 detergent and disinfectant solution, or wipes which can be used for routine cleaning.	▪ डिटर्जेंट, पानी में मिलाए जाने वाले घोल के रूप में या वाइप्स के रूप में; अथवा ▪ 2-इन-1 डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक घोल, या नियमित रूप से सफाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाइप्स।
When should I clean?	**मुझे कब सफाई करनी चाहिए?**
▪ Clean your workplace at the end of the workday using a detergent, or a 2-in-1 detergent and disinfectant solution; ▪ Focus on: Frequently touched surfaces such as tabletops, door handles, light switches, desks, toilets and toilet doors, taps, TV remotes, kitchen surfaces and cupboard handles; ▪ Clean objects and surfaces used repeatedly by lots of people frequently throughout the day using a detergent, or 2-in-1 detergent and disinfectant solution. For example: Trolleys and baskets, checkouts, EFTPOS machines, handrails, elevator buttons ▪ Clean surfaces and fittings that are visibly soiled or after any spillage as soon as possible using a detergent, or a 2-in-1 detergent and disinfectant solution; ▪ Instruct workers to clean personal property that has been brought to work and is likely to be handled at work or during	▪ कार्यदिवस के अंत में डिटर्जेंट या 2-इन-1 डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक घोल से अपने कार्यस्थल की सफाई करें; ▪ अक्सर स्पर्श की जाने वाली सतहों पर विशेष ध्यान दें, जैसे टेबलटॉप, दरवाजों के हैंडल, बिजली के स्विच, मेज, शौचालय और शौचालयों के दरवाजे, नल, टीवी के रिमोट, रसोई की सतहें और अलमारियों के हैंडल; ▪ बहुत से लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं एवं सतहों को डिटर्जेंट या 2-इन-1 डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक घोल से बार-बार पूरे दिन-भर साफ करें। उदाहरण के लिए: ट्रॉलियाँ और बास्केट, चेकआउट, EFTPOS मशीनें, हैंडरेल, एलेवेटर के बटन। ▪ गंदी दिखने वाली अथवा कुछ बिखरने या छलकने के बाद जल्दी से जल्दी सतहों और फिटिंगों को डिटर्जेंट या 2-इन-1 डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक घोल से साफ करें;

breaks with a detergent or 2-in-1 detergent and disinfectant solution, or wipes. For example: Sunglasses, mobile phones, ipads, car keys	▪ कर्मियों को डिटर्जेंट या 2-इन-1 डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक घोल अथवा वाइप्स का उपयोग करके कार्यस्थल में लाई गई व्यक्तिगत वस्तुओं को साफ करने का निर्देश दें, जिनका कार्यस्थल या अंतरालों में संभावित रूप उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए: धूपी चश्मे, मोबाइल फोन, आईपैड, कार की चाभियाँ
1. How to Safely Clean	1. सुरक्षित रूप से सफाई कैसे करें
▪ Read the product label and Safety Data Sheet for the cleaning product(s) before using and make sure you follow all instructions, including all required personal protective equipment. Also make sure the product is suitable for use on the surface you are cleaning; ▪ Instruct workers to wear gloves when cleaning and make sure they know to wash their hands very well with soap and water, or to use alcohol-based hand sanitiser if they cannot wash their hands, both before and after wearing gloves; ▪ If possible, use disposable gloves when cleaning and discard after each use. Otherwise, only use reusable gloves for routine cleaning and do not share gloves between workers;	▪ उपयोग करने से पहले सफाई उत्पाद(दों) के उत्पाद लेबल और Safety Data Sheet पढ़ें और सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें, जिसमें आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण भी शामिल हैं। यह भी सुनिश्चित करें कि जो सतह साफ की जा रही है, उसके लिए वह विशिष्ट उत्पाद उपयुक्त है; ▪ सफाई करते समय कर्मियों को दस्ताने पहनने का निर्देश दें और यह सुनिश्चित करें कि दस्ताने पहनने से पहले और बाद में – इन दोनों स्थितियों में उन्हें अपने हाथों को साबुन और पानी से बहुत अच्छी तरह से धोने के बारे पता हैं, या यदि वे अपने हाथ नहीं धो सकते हैं, तो एल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करने के बारे में पता है; ▪ यदि संभव हो, तो सफाई करते समय फेंकने योग्य दस्तानों का उपयोग करें और प्रत्येक उपयोग के बाद इन्हें फेंक दें। अन्यथा, नियमित सफाई के लिए केवल दोबारा उपयोग किए जाने योग्य दस्तानों का ही प्रयोग करें और कर्मियों के बीच आपस में दस्ताने साझा न करें;

After cleaning	**सफाई करने के बाद**
▪ Dispose of any disposable cloths in a rubbish bag, or launder reusable cloths in the usual way.	▪ सभी फेंकने योग्य कपड़ों को कूड़ेदान में फेंक दें, या दोबारा उपयोग किए जाने योग्य कपड़ों की सामान्य रूप से धुलाई करें।
2. Cleaning if someone in my workplace is suspected or confirmed to have COVID-19	2. यदि मेरे कार्यस्थल में किसी व्यक्ति के COVID-19 से संक्रमित होने का संदेह है या इसकी पुष्टि की गई है, तो सफाई कैसे करें
Preparing to clean	**सफाई करने की तैयारी**
▪ Prevent access to the areas that were used by the suspected or confirmed case as well as any common areas (break rooms, bathrooms) and any known or likely touch points; ▪ Open outside doors and windows if possible to increase air circulation.	▪ संदिग्ध या पुष्ट संक्रमण वाले व्यक्ति द्वारा उपयोग किए गए क्षेत्रों और सभी लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रों (ब्रेकरूम, बाथरूम) एवं सभी ज्ञात या संभावित स्पर्श बिंदुओं के निकट किसी दूसरे व्यक्ति को न जाने दें ▪ यदि संभव हो, तो हवा के बहाव को बढ़ाने के लिए बाहर के दरवाजे और खिड़कियाँ खोल दें।
What do I need?	**मुझे किन चीजों की आवश्यकता होगी?**
▪ A detergent, as a solution that can be mixed with water; and ▪ A disinfectant containing ≥ 70% alcohol, quaternary ammonium compounds, chlorine bleach or oxygen bleach (see the Department of Health website for more information on the correct bleach solution); or ▪ A combined detergent and disinfectant solution; ▪ Appropriate personal protective equipment for cleaning staff, including disposable gloves and safety eyewear;	▪ डिटर्जेंट, पानी में मिलाए जाने वाले घोल के रूप में; और ▪ कीटाणुनाशक पदार्थ, जिसमें ≥ 70% एल्कोहल, क्वाटर्नरी अमोनियम यौगिक, क्लोरीन ब्लीच या ऑक्सीजन ब्लीच मौजूद हों (ब्लीच के सही घोल के बारे में और अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट देखें); या ▪ डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक घोल का मिश्रण;

▪ Provide a disposable apron where there is visible contamination with bodily fluids; ▪ A surgical mask if the person suspected to have COVID-19 is in the room.	▪ सफाई कर्मचारियों के लिए उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, जिसमें फेंकने योग्य दस्ताने और आँखों पर पहनने के लिए सुरक्षात्मक उपकरण; ▪ यदि शारीरिक-द्रवों के साथ संदूषण दिखाई देता है, तो फेंकने योग्य एप्रन उपलब्ध कराएँ; ▪ यदि COVID-19 के संदिग्ध संक्रमण वाला व्यक्ति कमरे में उपस्थित है, तो सर्जिकल मास्क।
What should I clean?	**मुझे क्या साफ करना चाहिए?**
Thoroughly clean and then disinfect: ▪ all areas of suspected or confirmed contamination; ▪ any common areas (e.g. break rooms, washrooms), and ▪ any known or likely touch points in the workplace.	इन क्षेत्रों और वस्तुओं को पूरी तरह से साफ करें और उसके बाद कीटाणुशोधन करें: ▪ संदिग्ध या पुष्ट रूप से संदूषित सभी क्षेत्र; ▪ सभी लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले क्षेत्र (ब्रेकरूम, बाथरूम), और ▪ कार्यस्थल में सभी ज्ञात या संभावित स्पर्श बिंदु।
How to safely clean	**सुरक्षित रूप से सफाई कैसे करें**
▪ Read the product label and Safety Data Sheet for the cleaning product(s) before using and make sure you follow all instructions, including all required personal protective equipment. Also make sure the product is suitable for use on the surface you are cleaning; ▪ Make sure staff are trained in putting on and taking off personal protective equipment, including washing or sanitising hands between steps; Use disposable gloves where possible, and discard after each use. Wash or sanitise hands before and after wearing gloves.	▪ उपयोग करने से पहले सफाई उत्पाद(दों) के उत्पाद लेबल और Safety Data Sheet पढ़ें और सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें, जिसमें आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण भी शामिल हैं। यह भी सुनिश्चित करें कि जो सतह साफ की जा रही है, उसके लिए वह विशिष्ट उत्पाद उपयुक्त है; ▪ यह सुनिश्चित करें कि कर्मी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनने और उतारने के लिए प्रशिक्षित हैं, जिसमें अलग-अलग कदमों के बीच हाथों को धोना या सैनिटाइज़ करना भी शामिल है; यदि संभव हो, तो फेंकने योग्य दस्तानों का उपयोग करें और प्रत्येक उपयोग के बाद इन्हें फेंक दें। दस्ताने पहनने से पहले और बाद में – इन दोनों स्थितियों में हाथों को धोएँ या सैनिटाइज़ करें।

After cleaning	सफाई करने के बाद
▪ Dispose of any single-use personal protective equipment, disposable cloths and covers in a rubbish bag and place it inside another rubbish bag and dispose of in general waste; ▪ Launder any reusable cleaning equipment including mop heads and disposable cloths and completely dry before re-use.	▪ एक बार के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों, फेंकने योग्य कपड़ों और खोलों को कचरे के बैग में बाँधकर इसे एक अन्य अपशिष्ट बैग के अंदर रखें और इसे सामान्य कूड़े में फेंक दें; ▪ मॉप हेड और फेंकने योग्य कपड़ों समेत दोबारा उपयोग किए जाने वाले सभी सफाई-उपकरणों की धुलाई करें और पुन:उपयोग करने से पहले इन्हें पूरी तरह से सुखाएँ।
Stay informed	**जानकारी प्राप्त करें**
For more information about keeping your work place COVID-19 safe visit www.safeworkaustralia.gov.au/covid-19-information-workplaces.	अपने कार्यस्थल को COVID-19 से सुरक्षित रखने के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट www.safeworkaustralia.gov.au/covid-19-information-workplaces पर जाएँ।
Keep up to date with www.covid19.act.gov.au advice on controls to prevent the spread of COVID-19, including any restrictions on normal business activities, and respond accordingly.	सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों तथा COVID-19 के फैलाव की रोकथाम के नियंत्रणों के बारे में नवीनतम सलाह प्राप्त करने के लिए वेबसाइट www.covid19.act.gov.au पर जाएँ और तदनुसार अपनी प्रतिक्रिया करें।
Have a Question? Looking for advice? Call the COVID-19 helpline on (02) 6207 7244 (8am to 8pm daily).	क्या आपके पास कोई प्रश्न हैं? क्या आप सलाह लेना चाहते/चाहती हैं? COVID-19 हेल्पलाइन को (02) 6207 7244 पर कॉल करें (प्रतिदिन सुबह 8बजे से रात 8बजे तक)।
Subscribe to the Our Canberra email newsletter to get the latest COVID-19 updates via email. Subscribe here: https://www.act.gov.au/our-canberra/subscribe-to-our-canberra	ईमेल के माध्यम से COVID-19 से संबंधित नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारे Our Canberra ईमेल न्यूज़लेटर के/की सदस्य बनें। सदस्यता के लिए वेबसाइट https://www.act.gov.au/our-canberra/subscribe-to-our-canberra पर जाएँ।